




डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे


# गुरु एक्सप्रेस


सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 71 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 20 दिसम्बर 2023 | मूल्य 2 रुपया


# गांधी सागर: अफगानिस्तान, चीन और हिमालय से आते हैं गिद्ध

## गिद्धों के लिए स्वर्ग साबित हो रहा अभयारण्य, प्रदेश में दूसरे नंबर पर गांधी सागर

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** गांधी सागर सहित प्रदेश में कई अभयारण्यों में एक बार फिर गिद्धों की गणना का काम शुरु होने वाला है। इसके पहले 2021 की गणना में गांधी सागर गिद्धों के मामले में प्रदेश में दूसरे नंबर पर था। यहां विलुप्त प्रजापति के गिद्ध भी मिले थे। इसके अलावा विशेषज्ञों ने पाया कि हिमालय, अफगानिस्तान और चीन से भी गिद्ध यहां आ रहे हैं। यूरोप में बर्फबारी की वजह से यूरेशियन गिद्ध निचले हिस्सों के लिए निकल जाते हैं। सिनेरियस गिद्ध दो-तीन साल से यहां आने लगे हैं। गांधीसागर में गिद्धों के प्राकृतिक आवास जैसे चट्टानों में खोह, पहाड़ों पर लटकते पेड़ों पर घोंसले बने हुए भी मिले। यही नहीं 4 हजार 628 किमी दूर तुर्की, सीरिया, ईरान, 2 हजार 612 किमी दूर साऊथ करागिस्तान एवं 3 हजार 683 किमी दूर मंगोलिया देश से सिनेरियस गिद्ध भी गांधीसागर पहुंचने लगे हैं। गिद्ध प्रजाति विलुप्ति की कगार पर है लेकिन जिले के गांधीसागर अभयारण्य में चंबल नदी के खाड़ी चट्टानों व सघन अभयारण्य क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर प्राचीन अर्जुन व पीपल के वृक्षों पर गिद्धों के सुरक्षित रहने के लिए घोंसले हैं। यहां प्राकृतिक आवास व मौसम इनके अनुकूल होने की वजह से यहां किंग वल्चर, व्हाइट बैक्ड वल्चर, लांग बिल्ड वल्चर एवं इजीप्शियन वल्चर पाए जाते हैं।

### विलुप्त प्रजापति भी गांधी सागर में...

गांधी सागर गिद्धों को इतना भा रहा है कि विलुप्त प्रजापति भी यहां मिली है। आइयूसीएन की रिड डाटा बुक अनुसार गंभीर रूप से विलुप्तप्राय प्रजातियां जैसे लांग बिल्ड वल्चर, रेड हेडेड वल्चर, व्हाइट रम्पेड वल्चर, स्टेपी इगल, इजिप्टियर वल्चर मिली है। यह सभी गिद्धों की प्रजातियां हैं। इसके अलावा असुरक्षित प्रजातियां जैसे सारस क्रेन, कामेन पोचार्ड, वोली नेक स्टोक आदि भी गांधीसागर अभयारण्य में पाई गई है।

### 2021 में हुआ था सर्वे...

फरवरी 2021 में हुए बड़े सर्वे में यहां पक्षियों की 226 प्रजातियां पाई गई। प्रदेश में दूसरे नंबर पर गांधीसागर में सबसे अधिक गिद्ध पाए गए हैं। यही नहीं उदबिलाव, गिद्ध, नीलगाय, हायना, जेकल जैसी कई प्रजातियों की संख्या में इजाफा हुआ है। विशेषज्ञों का कहना हैं पक्षियों की जो प्रजातियां संकट में हैं उनका यहां मिलना संकेत दे रहा है कि अभयारण्य में उनके जीवन के लक्षण है।

### ग्रेट थिकनी पक्षी भी हैं यहां...

गांधीसागर अभयारण्य में हुए पक्षी सर्वेक्षण का डाटा संकलन तैयार किया गया था। पूरे डाटा का पक्षी विशेषज्ञों द्वारा विश्लेषण कर एक सूची तैयार की थी। इसमें ग्रेट थिकनी (स्टोन कर्ली) पक्षी कुछ साल पहले पहली बार दिखाई दिया। वह अभी भी दिख रहा हैं। वहीं कई विदेशी व देशी सहित अभी तक 246 से अधिक प्रजातियों के पक्षी अभयारण्य क्षेत्र में होने की जानकारी मिली थी।

### पक्षियों की यह प्रजातियां भी प्रमुख रूप से मिली...

गिद्ध ही नहीं, बल्कि पक्षियों की कई प्रजापतियां गांधी सागर में मिली है। जिसमें रेड क्रस्टेड पोचार्ड, रेड नेक्ड फाल्कन, क्रेस्टेड हाक ईगल, व्हाइट बेलिड मिनिवेस्ट, डेसर्ट ह्वीटीयर, छोटे कान वाला उल्लू, ब्राउन फिश उल्लू, पेंटेड सैंडग्राउस, मोटल्ड उल्लू, स्पाटेड रेड शंक, फेरुजिनस पोचार्ड, डालमतीन पेलीकैन, टफ्टेड डक।

### 1974 के बाद 1984 में घोषित किया अभयारण्य...

वन्य जीवों, जलीय जीव व पशु-पक्षियों के लिए गांधीसागर अभयारण्य वर्तमान में स्वर्ग साबित हो रहा है। गांधीसागर बांध निर्माण के बाद मध्यप्रदेश शासन ने 3 मार्च 1974 में 254 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को वन्य अभयारण्य घोषित कर दिया था। इसके बाद शासन ने 28 फरवरी 1984 में फिर पहल करते हुए मंदसौर-नीमच जिले के पूरे 368.62 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को ही गांधीसागर अभयारण्य घोषित कर दिया। तब से इसे वन्य जीवों के लिए सुरक्षित स्थान बनाने का काम किया जा रहा है।



### अभयारण्य में यह है खास...

गांधीसागर अभयारण्य में वृक्षों की 70 प्रजातियां, जड़ी-बूटियों और झाड़ियों की 23 प्रजातियां, लताओं और परजीवियों की 9 प्रजातियां, घासों और बांसों की 16, स्तनधारी की 18, पक्षियों की 226, मछलियों की 14, सरीसृप की 17, उभयचरों की 5, तितलियों की 15 प्रजातियां पाई जाती हैं। यहां तेंदुआ, भेड़िया, सियार, भारतीय लोमड़ी, धारीधार लकड़बग्घा जैसे सैकड़ों वन्य जीव पाए जाते हैं।

**वन उपज की प्रमुख प्रजातियां**- खैर, सलाई, धावड़ा, मोयन, पलास, साजा, तेंदू पत्ता, रोहन, करधई, अर्जुन, बैर आदि।

**घास की प्रजातियां**- फुलेरिया, गुड़ेल, भुरभूरी, पोनिया, लोपिया आदि।

**जीव-जंतु**- सरीसृप में कोबरा, वाइपर, गोह आदि। चंबल नदी में जलीय कछुआ, मगरमच्छ, उदबिलाव आदि प्रजातियां भी पर्याप्त संख्या में विद्यमान हैं।

# दो हत्यारों को आजीवन कारावास की सजा



**गरोठ, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर सत्र न्यायाधीश गरोठ श्रीमती प्रिया शर्मा द्वारा हत्या करने के दो आरोपितों मनोहर पिता रामचन्द्र बैरागी उम्र 28 साल निवासी पुन्याखेडी थाना गरोठ, व कैलाश पिता रघुनाथ राठौर जाति तेली उम्र 39 साल निवासी मदकोटा थाना बड़ोद जिला आगर-मालवा को हत्या के आरोप में आजीवन कारावास एवं 22-22 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 14अक्टूबर 2020 को चौकी प्रभारी चंदवासा उपनिरीक्षक राकेश चौधरी को चौकीदार द्वारा सूचना मिली कि आगर बर्डिया उंचा कच्चा रास्ता पवन चक्की के पास रास्ते किनारे खेत की खाई हतई मगरा, ग्राम हतई में एक व्यक्ति की लाश पड़ी है। सूचना पर उपनिरीक्षक राकेश चौधरी तत्काल मौके पर पहुंचे। मौके पर एक पुरूष का शव था। शव किसका था पता नहीं चला। थोडी दूरी पर खाई में एक लाल, काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसायकल पड़ी थी। चौकीदार के बताये अनुसार मर्ग देहाती नालसी धारा 174 जा.फो. लेखबद्ध कर जांच में ली गई। मौके पर शव की पहचान न होने के कारण शव की तलाशी ली गई तो जेब से 420 रूपये नगद एवं एक राशन कार्ड की छायाप्रति जो रमेशचन्द्र पिता रामदयाल पाटीदार निवासी चचावदा पठारी, पोस्ट ढलमू, तहसील गरोठ, जिला मंदसौर के नाम का होकर मिला।

राशन कार्ड के आधार पर ग्राम चचावदा पठारी के चौकीदार को सूचना दी व उसके मोबाईल पर शव व मोटरसायकल के फोटो भेजे तो चौकीदार के द्वारा बताया गया कि गांव के रमेशचन्द्र पाटीदार का लड़का किशोर पाटीदार 13 अक्टूबर 2020 से गायब है। चौकीदार, रमेशचन्द्र पाटीदार एवं अन्य परिजन के साथ मौके पर पहुंचे। शव को देखकर रमेशचन्द्र पाटीदार ने उसकी पहचान अपने पुत्र किशोर के रूप में की गई। शव की पहचान होने पर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार किशोर पाटीदार की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा गला घोंटकर हत्या करना पाया गया। जिस पर से हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर अपराध अनुसंधान में लिया गया। अपराध के अनुसंधान के दौरान मृतक की पत्नी व उसके माता पिता के कथन लिये गये। जिस पर से पता चला कि मृतक का आरोपियो से लेन-देन था। तथा घटना दिनांक को आरोपी मनोहर द्वारा फोन करके मृतक को उसके खेत पुन्याखेडी पर बुलवाया था। जिस पर से मृतक पैसे लेने के लिये गया था। जहां पर आरोपियो द्वारा मृतक को मारपीट कर गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी गई और उसके शव व उसकी मोटर सायकल को आगर बर्डिया उंचा कच्चा रास्ता पवन चक्की के पास रास्ते किनारे खेत की खाई हतई मगरा, ग्राम हतई में फेंक दिये और दोनों आरोपी वहां से अलग-अलग अपने-अपने घर चले गये, ताकि किसी को शंका ना हो। आरोपी मनोहर के घर रात में मृतक के पिता पुछने गये तो आरोपी मनोहर द्वारा बताया गया कि मृतक उसके पास नही आया था। अनुसंधान के दौरान आरोपियो की टावर लोकेशन व मृतक की कॉल डिटेल प्राप्त की गई। जिस पर से आरोपियो को गिरफ्तार किया गया और उनकी निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आर्टिकल जप्त किये गये। मृतक का मोबाईल व सीम भी आरोपियो से जप्त किये गये। आरोपी मनोहर की वाईस नमूना लिया जाकर उसकी भी जांच करवाई गई। संपूर्ण अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में संपूर्ण विवेचना अनुसंधान उप निरीक्षक राकेश चौधरी के द्वारा किया गया। प्रकरण में न्यायालय के समक्ष 24 साक्षियों के कथन करवाये गये। विशेष लोक अभियोजक रमेश गामड़ द्वारा रखे गये तथ्यो तथा न्यायालय में आई साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी मनोहर बैरागी एवं कैलाश राठौर को धारा 302 भादंवि में आजीवन कारावास एवं 20-20 हजार एवं 201 भादंवि में 02-02 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।



# तीन-चार दिन में बारिश की संभावना, बढ़ेगी ठंड

## मंगलवार को भी सर्द हवाओं से बढ़ी ठिठुरन

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** पहाड़ो से सर्द हवा एक बार फिर से मंदसौर की ओर आना शुरू हो गई है। मंगलवार दोपहर को आसमान में बादल छाए और हवाओं में बर्फीली ठंडक से ठिठुरन शुरू हो गई। मौसम विभाग की मानें तो आगामी 48 घंटे में सर्द हवाओं का असर ज्यादा होने से रात के तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट संभावित है। 23-24 दिसंबर को उत्तर भारत में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होकर वहां बर्फबारी व बारिश हो सकती है। जिसके प्रभाव से बर्फीली हवा मंदसौर सहित राजस्थान के प्रतापगढ इलाके को एक बार फिर से ठिठुराएंगी। प्रतापगढ में बारिश भी संभावित है।

जिले में बीते एक हफ्ते का मौसम देखें तो पांच दिन में रात के तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को न्यूनतम तापमान दस डिग्री दर्ज किया गया, वहीं दिन में धूप निकलने से दिन के तापमान में कोई खास गिरावट नहीं हुई है। दिन का तापमान 24 डिग्री मापा गया। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों में आगामी एक हफ्ते तक तापमान में गिरावट और इसके बाद बारिश की संभावना से किसानों को फसलों में फायदा होने की उम्मीद है। हालांकि अगर बारिश होती है तो किसानों को रबी की फसलों में फायदा मिलेगा तो अफीम की फसल में नुकसान की संभावना बताई जा रही है। नवंबर के अंतिम सप्ताह में हुई मावठे की बारिश से रबी की फसल को जीवनदान मिला है। मावठे की इस बारिश से सिंचाई के लिए तरस रही जिले की रबी फसल गेहूं, चना और अन्य को थोड़ी राहत मिली है। एक दो दिन बारिश और होती है तो सिंचाई की जरूरत पूरी हो जाएगी। अंचल के किसानों को मावठे की बारिश का इंतजार है।

# अफीम तस्कर को 3 साल की सजा

## 25 हजार रू जुर्माना भी लगाया

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी नाहरू पिता फकरू अजमेरी उम्र 36 साल नि.ग्रा. बादाखेड़ी थाना भावगढ़ जिला मंदसौर को अफीम तस्करी का दोषी पाते हुए 3 वर्ष का सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकरी दी गई। उन्होंने बताया कि 9 मई 2014 को थाना भावगढ़ पुलिस ने मुखबीर सूचना पर ग्राम बादाखेड़ी के नाहरू अजमेरी को हीरोहोण्डा स्पेलेंडर मोटरसाईकिल से अवैध मादक पदार्थ अफीम के साथ पकड़ा था। आरोपी के कब्जे की मोटरसाईकिल के बैग में एक हरे कलर की पॉलीथिन की थैली मिली थी। जिसका मुंह सुतली से बंधा हुआ था। सुतली खोलने पर उसके अंदर एक सफेद पारदर्शी पॉलीथिन की थैली मिली, जिसमें काले गाढे रंग का लचीला पदार्थ भरा हुआ मिला। उक्त तरल पदार्थ अफीम होना पाया गया। तौल करने पर उसका वजन 700 ग्राम निकला। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। अनुसंधान उपरांत न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन एडीपीओ दीपक जमरा द्वारा किया गया।



# सात आरक्षक बने हेडसाब

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** शासन के निर्देशानुसार सात आरक्षकों को स्थानापन्न रूप से कार्यवाहक तौर पर उच्च पद प्रधान आरक्षक अर्थात हेडसाब का प्रभार वर्तमान पदस्थापना पर दिया गया है। इसमें आरक्षक वसीम खान, विवेकसिंह कुशवाह, राजपालसिंह, यशोदा कंडारा, हरीश कुमार यादव, निर्मला कुंवर और आरक्षक उमा कुंवर शामिल है।



**ट्रक पलटा, चालक घायल**- मंदसौर शहर के नाहर सैयद रोड़ स्थित गुलमोहर कॉलोनी की घाटी पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ट्रक चालक कन्नू गुर्जर निवासी सीतामऊघायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस से बड़े अस्पताल ले जाया गया।

# दूसरे राज्यों की बहू को नहीं मिलेगा आरक्षण

## नीमच की महिला की याचिका हाईकोर्ट ने खारिज की

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि राज्य के बाहर की आरक्षित वर्ग की महिलाओं को मध्यप्रदेश में शादी कर लेने के आधार पर नौकरियों में आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता है। हाईकोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए यह फैसला सुनाया।

याचिकाकर्ता राजस्थान निवासी सीमा सोनी का विवाह मध्यप्रदेश के नीमच जिले में हुआ है। उन्होंने प्राथमिक शिक्षक चयन में अन्य पिछड़ा वर्ग की केटेगरी में आवेदन किया था। लेकिन, उन्हें ओबीसी वर्ग के आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया। इससे व्यथित होकर उन्होंने मध्यप्रदेश हाई कोर्ट का रुख किया।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता रामेश्वर ठाकुर की ओर से संवैधानिक अधिकारों का हवाला दिया। कहा गया कि जन्म स्थान आदि के आधार पर भेदभाव नहीं किए जाने का मौलिक अधिकार है। इस पर सुनवाई करते हुए जबलपुर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने सुप्रीम कोर्ट के 5 जजों की बेंच के फैसले का हवाला देकर अपना फैसला सुनाया और याचिका का निराकरण कर दिया।




# मौसम:फसलों पर हावी होने लगे कीट

**मंदसौर, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** मौसम में बार-बार हो रहे बदलाव के कारण रबी सीजन की फसल गेहूं, मैथी और अलसी में कीटों का असर होने लगा है। यह बात अलग है कि गेहूं की फसल में कीटव्याधियों का प्रकोप नहीं होता था। लेकिन, पिछले दो साल से दिखाई देने लगा है, जिससे किसान भी चिंतित है। सुवासरा के किसान पन्नालाल धाकड़ ने बताया कि गेहूं में इल्ली का असर दिख रहा है। शामगढ़ के किसान अजय पाटीदार ने बताया कि पिछले साल भी गेहूं और मैथी में किटों का असर दिखाई दिया था। मैथी के पत्ते सूख रहे हैं।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार ईल्ली का असर गेहूं और अलसी में दिखाई दे रहा है। पहले सर्दी और अब रात का तापमान बढ़ रहा है। दूसरी तरफ मालवा में किटनाशक दवाइयों का प्रयोग अधिक हो रहा है, इस कारण भी ईल्ली का असर रबी की फसलों में देखने को मिल रहा है। पहले कभी जड़ माहू रोग गेहूं में नहीं सुनने में आया था, अब गेहूं में दिखाई देने लगा है। दो साल से मामले देखने को मिल रहे है।

# नाथ की गलतियों ने बेलगाम नंदी को बना दिया प्रदेश कांग्रेस का नाथ...

**मंदसौर/उज्जैन, 19 दिसंबर गुरु एक्सप्रेस।** आज प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष बन चुके जीतू पटवारी के बारे में सभी जानते हैं कि दिग्विजय सिंह के पहले और कमलनाथ खेमे के दूसरे, तीसरे नंबर के कार्यकर्ता थे। फिलहाल प्रदेश स्तर पर कांग्रेस में सबसे उंचे दर्जे का पद पा चुके जीतू पटवारी के लिए पहले के दूसरे, तीसरे, चौथे नंबर के कांग्रेसी नेताओं की तब तक कोई अहमियत ही नहीं रही रहेगी जब तक वह पदाधिकारी नहीं बन जाते है। अभी सिर्फ पहले नंबर पर एकमात्र प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी विराजित हुए हैं। उनकी जब टीम बनेगी तब उसमें जो भी कार्यकर्ता शामिल किए जाएंगे, उन्हें कदवार नंबरों से भी जाना जाएगा। तब तक पहले जो नंबर वन कहलाते थे, वह प्रयास कर रहे हैं किसी न किसी तरह प्रदेश संगठन में पद पा जाएं।



चन्द्रमोहन भगत

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ धनाढ्य उद्योगपति तो थे ही, इसलिए कभी कभार कांग्रेस संगठन और सरकार में रहते हुए इनके अंदर का उद्योगपति जाग जाता था। जब जगा हुआ उद्योगपति इन पर हावी रहता था तब नाथ के सामने कांग्रेस आला हाईकमान भी गौण हो जाता था। बानगी देखिए हाल ही के चुनाव के दौरान जब राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी इंडिया गठबंधन को मजबूत करने और लोकसभा चुनाव में सभी मिलकर एनडीए को हराने के लिए लिए एक दूसरे से ससम्मान मिल रहे थे। ऐसे समय में उद्योगपति कमलनाथ ने प्रदेश में सीटों के बंटवारों को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए पत्रकारों से कह दिया था, हटाओ अखिलेश वखिलेश कौन है! बस काफी था इंडिया गठबंधन को एक करने की राहुल गांधी की कोशिशें को धराशाई करने के लिए। फिर इसी चुनाव के दौरान कांग्रेस ने गोदी मीडिया के जिन पत्रकारों का बहिष्कार करना सार्वजनिक घोषित किया था, उन्हीं में से प्रमुख नाविका कुमार को कमलनाथ चुनाव में साथ लिए घूम रहे थे।

जब सहयोगियों ने उन्हें बताया तब भी यह जवाब दिया कि मुझे नहीं मालूम हाईकमान ने किन्हें बायकॉट करने का ऐलान किया है! फिर बीच चुनाव में ही अपने कार्यकर्ताओं से उन अधिकारियों की सूची बनाने का आव्हान कर दिया जिन्होंने असहयोग किया हो! स्वभाविक था कि नाराज अधिकारी, कर्मचारियों ने पूरी तरह असहयोग कर बीच चुनाव से ही कांग्रेस को निपटाना शुरू कर दिया था । कांग्रेस हाई कमान ने जिस सर्वे कंपनी से कर्नाटक, तेलंगाना में सर्वे करा कर प्रत्याशी छांटे थे, उसे ही मध्य प्रदेश में लगाया था। कमलनाथ ने इस एजेंसी को काम करने ही नहीं दिया, जितने दिन काम किया उसका भुगतान भी नही किया। तो यह तरीका अपनाया था कमलनाथ ने मध्य प्रदेश में कांग्रेस को हरवाने के लिए महू में अंतर सिंह दरबार को रिजेक्ट कर 3 महीने पहले भाजपा से आए रामकिशोर शुक्ला को प्रत्याशी बनाया था। बेटे करण पर चल रहे रेप केस मामले की बदनामी के बाद भी राजेंद्र सिंह सोलंकी को बदलकर मुरली मोरवाल को बडनगर से प्रत्याशी बना दिया था। नीमच से तरुण बाहेती को नजर अंदाज कर दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके निजी पसंद उमराव गुर्जर को प्रत्याशी बनाया था जावद से धनबल के साथ कांग्रेस में आए समंदर पटेल को प्रत्याशी बनाया था। इन टिकट वितरण की गड़बड़ के अलावा 2018 की अपनी ही बनी सरकार को अति आत्मविश्वास और पावर के अतिरिक्त डोज के कारण ज्योतिरादित्य सिंधिया को सड़क पर उतरने की सलाह देकर बगावत के लिए मजबूर कर अपनी सरकार औंधे मुंह गिरवा ली थी।

कमलनाथ के मधुर बोल बचन के कारण कांग्रेस और कितना नुकसान उठाती, इसलिए समय रहते उन्हें प्रदेश अध्यक्ष से निवृत कर दिया गया। जिस जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है वह अभी विधानसभा चुनाव हारे हैं और कमलनाथ से भी कई गुना अधिक बड़बोलेपन के लिए ख्याति प्राप्त है। कांग्रेस हाई कमान ने अपनी नीतियों के कारण या गुटीय आधार पर बनाया होगा पर इस घोषणा से वे विधायक जरूर आहत हो रहे होंगे जो जीतू से अधिक बार जीते होंगे, संजीदगी से वार्तालाप के आदी होंगे। पर उन्हें इसलिए नहीं बनाया गया कि ऐसे विधायको ने राहुल गांधी को मोटरसाइकिल पर नहीं घुमाया था! शायद अब कमलनाथ, दिग्विजय सिंह को लग रहा होगा कि उनकी गलतियों के कारण एक अर्ध विकसित कांग्रेसी कार्यकर्ता को प्रदेश अध्यक्ष बना दिया है। जबकि, इससे बेहतर नाम दतिया से विधायक राजेंद्र भारती, हरदा के रामचंद्र दोगने, दोनों ने ही भाजपा के दिग्गज मंत्रियों नरोत्तम मिश्र और कमल पटेल को हराया है जो मुख्यमंत्री की दौड़ में भी थे। खैर, लोकसभा चुनाव करीब हैं। नतीजे साबित करेंगे कि जीतू पटवारी अध्यक्ष के काबिल है या अपरिपक्व अतिउत्साही नेता।

